शपथ ग्रहण समारोह

सेंट मोंटफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में शनिवार दिनांक 29 जून 2019 को एक विशेष दिन रहा |इस दिन छात्रसंघ 2019-20 का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया | इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री विजय कुमार दुबे , आर आई, भोपाल म.प्र. पुलिस तथा विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के. उपस्थित थे | कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन तथा प्रार्थना गीत के साथ हुई |

सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने परेड करते हुए, मुख्य अतिथि श्री विजय कुमार दुबे जी तथा प्राचार्य ब्रदर मोनाचन सानिध्य में शपथ ली, सलामी दी तथा उनके द्वारा बेंच एवं सैश प्राप्त किये |

रुशान राना हेड बॉय तथा नेहा शर्मा को हेड गर्ल चुना गया | सहायक हेड बॉय यश मीना था सहायक हेड गर्ल जहान्वी रावत को नियुक्त किया गया | इसके अतिरक्त औसाफ अहमद , पियूष शुक्ला , आरुषी सोनी को क्रमश साहित्य सचिव, खेल सचिव तथा संस्कृतिक सचिव चुना गया | हाउस कप्तान शिवम् मोदक भाभा हाउस, जय महेश्वरी गाँधी हाउस , हर्ष शर्मा टेरेसा हाउस तथा केतन कोसे को टैगोर हाउस हेतु नियुक्ति प्रदान की गई |

मुख्य अतिथि द्वारा नवनिर्वाचित छात्रसंघ को बधाई दी गई तथा भविष्य में एक जागरूक नागरिक बनने की सीख दी गई | प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन के अंतर्गत नवनिर्वाचित छात्रसंघ को बधाई देते हुए बच्चो का मनोबल बढाया तथा उत्साहवर्धन किया नवनिर्वाचित छात्रसंघ को बधाई

कार्यक्राम का समापन एक रंगारंग नृत्य तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ |